आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.07.2025 समय : 0705

<><><><><><><><>

- पीएम विकास योजना पर अधिकार प्राप्त समिति की बैठक में परियोजनाओं के समय पर क्रियान्वयन के महत्व पर ज़ोर दिया गया।
- मुख्य वेतन एवं लेखा कार्यालय की ओर से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और एकीकृत पेंशन प्रणाली पर क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग आज "पशु कल्याण एवं नसबंदी हेतु साझेदारी" विषय पर एक कार्यशाला–सह–वेबिनार आयोजित करेगा।
- पर्यटन विभाग की ओर से कल द्वीपसमूह में पक्षी अवलोकन पर एक सार्वजनिक व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन –पीएम विकास योजना पर अधिकार प्राप्त समिति की तीसरी बैठक कल नई दिल्ली में आयोजित हुई। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि समिति ने तकनीकी कौशल, उद्यमिता और सांस्कृतिक संरक्षण पर सरकारी संगठनों, सार्वजनिक उपक्रमों, विश्वविद्यालयों और सामुदायिक संगठनों के पन्द्रह प्रस्तावों का मूल्यांकन किया। प्रतिनिधियों ने पीएम विकास में शामिल कराने के लिए परियोजनाएं प्रस्तुत कीं। समिति ने परियोजनाओं के समय पर क्रियान्वयन और इनकी सुदृढ़ निगरानी के महत्व पर ज़ोर दिया। पीएम विकास योजना राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम के माध्यम से ऋण सुविधा भी प्रदान करती है, जिससे सभी क्षेत्रों में अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए समग्र सहायता सुनिश्चित होती है।

<><><><><><><><>

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारिता नीति दो हजार पच्चीस जारी की। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि यह नीति विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि इस नीति का उद्देश्य जमीनी स्तर पर एक रोडमैप तैयार करके सहकारिता के माध्यम से समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करना है।

<><><><><><><><>

मुख्य वेतन एवं लेखा कार्यालय की ओर से टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में कल राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और एकीकृत पेंशन प्रणाली पर एक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनपीएस और यूपीएस के लिए केंद्रीय अभिलेख रखने वाली एजेंसी प्रोटीन ई–गवर्नेंस टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, मुंबई के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग दो सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन लेखा एवं बजट निदेशक एस. दासगुप्ता ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अंडमान निकोबार प्रशासन ने, देश के बाकी हिस्सों की तरह, न केवल एनपीएस को प्रभावी ढंग से लागू किया है, बल्कि एनपीएस ग्राहकों को सभी आवश्यक सेवाएं भी सक्रिय रूप से प्रदान कर रहा है। प्रधान लेखा कार्यालय, जून दो हजार बीस के दौरान विभिन्न नोडल कार्यालयों के अंतर्गत ऑनलाइन प्रान जनरेशन मॉड्यूल को सफलतापूर्वक लागू करने वाले पहले कुछ कार्यालयों में से एक रहा है, जिससे प्रान जनरेशन की प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद मिली। इसके अलावा, प्रधान लेखा कार्यालय की प्रोटीन ई–गवर्नेंस टेक्नोलॉजीज लिमिटेड द्वारा दो हजार चौबीस के दौरान एनपीएस के तहत उल्लेखनीय ऋण कवरेज हासिल करने के लिए भी सराहना की गई। वर्तमान में, प्रशासन के पास पन्द्रह हजार दो सौ बानब्बे एनपीएस और चार सौ नवासी यूपीएस ग्राहक हैं।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से आज टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में सभागार में "पशु कल्याण एवं नसबंदी हेतु साझेदारी" विषय पर एक कार्यशाला–सह–वेबिनार आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह साढ़े नौ बजे से आरंभ होगा। इस पहल का उद्देश्य द्वीपों में आवारा पशु प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए अंतर–विभागीय जागरूकता और सहयोग को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का उद्घाटन दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा करेंगे। इस अवसर पर ब्लू क्रॉस ऑफ इंडिया, मिशन रेबीज, विश्व पशु चिकित्सा सेवा और भारतीय पशु कल्याण बोर्ड सहित प्रतिष्ठित पशु कल्याण संगठनों के वक्ता, आवारा पशु नियंत्रण और उससे संबंधित नियमों से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हाल ही में मिडिल स्कूल, साउथ प्वाइंट में टीबी जागरूकता एवं जांच कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली छात्रों और कर्मचारियों में क्षय रोग इसके लक्षण, संचरण के तरीके, रोकथाम और शीघ्र पहचान व उपचार के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में कुल इक्यासी छात्रों और आठ शिक्षकों ने भाग लिया।

सत्र के दौरान, टीबी के शुरुआती लक्षणों को पहचानने, समय पर चिकित्सा हस्तक्षेप के महत्व और उपचार के नियमों का पालन करने पर ज़ोर दिया गया। प्रधानाध्यापिका और शिक्षण संकाय को निक्षय मित्र के रूप में नामांकन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। ऐसी पहल टीबी मुक्त भारत अभियान की आधारशिला हैं, जो जनभागीदारी, जागरूकता और निवारक स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से दो हजार पच्चीस तक टीबी उन्मूलन के भारत सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग एवियन क्लब के सहयोग से, कल द्वीपसमूह में पक्षी अवलोकन पर एक सार्वजनिक व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। आपदा प्रबंधन विभाग के प्रशिक्षण हॉल में सुबह ग्यारह बजे आयोजित होने वाले इस व्याख्यान का उद्देश्य द्वीपसमूह की समृद्ध पक्षी विविधता और पर्यटन के विभिन्न क्षेत्रों में संभावित संभावनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करना है। प्रसिद्ध पक्षी विज्ञानी और एवियन क्लब के अध्यक्ष अरुण सिंह द्वारा व्याख्यान दिया जाएगा। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह दो सौ सत्तर से अधिक पक्षियों की प्रजातियों का घर है, जिनमें कई स्थानिक पक्षी भी शामिल हैं। इस पहल के अंतर्गत पर्यटन विभाग द्वीपों को साल भर के पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करता है। पर्यटन निदेशालय की ओर से स्थानीय निवासियों, टूर ऑपरेटरों, पर्यटन हितधारकों, प्रकृति प्रेमियों, छात्रों और पर्यटकों के लिए इंटरैक्टिव सत्र का भी आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

फरारगंज के सीडीपीओ कार्यालय में अनुबंध के आधार पर डेटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर भर्ती की जाएगी। उम्मीदवारों के लिए कौशल परीक्षा इक्कतीस जुलाई को दोपहर बाद ढाई बजे डीब्रेट में आयोजित की जाएगी। सभी पात्र उम्मीदवारों से प्रवेश पत्र सीडीपीओ कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में अट्ठाईस जुलाई तक प्राप्त करने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए विभिन्न विषयों में अतिथि संकाय के रूप में आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की संशोधित अस्थाई वरीयता सूची कॉलेज की वेबसाइट पर अपलोड करने के अलावा कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर भी दर्शा दी गई है।

उम्मीदवारों की सूची और साक्षात्कार की संभावित तिथि कॉलेज की वेबसाइट और नोटिस बोर्ड पर दर्शा दी जाएगी।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के दूरदर्शन केंद्र की ओर से आज "वायरल हेपेटाइटिस और स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव" विषय पर लाइव फोन–इन कार्यक्रम 'डॉक्टर्स स्पीक' का प्रसारण किया जाएगा। नोडल अधिकारी डॉ. अविजित रॉय विशेषज्ञ के रूप में दर्शकों के प्रश्नों का उत्तर देंगे। कार्यक्रम आज शाम साढ़े पांच बजे प्रसारित होगा। दर्शक फोन नंबर दो चार चार सात चार पांच या दो चार पांच छः छः दो पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा भारत दो हजार पच्चीस तक पेट्रोल में बीस प्रतिशत एथनॉल मिशन का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है–द डेली टेलीग्राम्स की बड़ी खबर है। भारत और ब्रिटेन के ऐतिहासिक व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने के समाचार को द्वीप समाचार ने प्रमुखता देते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। साथ ही अखबार ने हिन्दी में शासकीय कार्य के लिए उपयोगी ई–टूल्स पर कार्यशाला आयोजित करने के समाचार को भी जगह दी है। सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय के बंगलुरू में आयोजित आई आई टी एम में भाग लेने के समाचार को इंफो इंडिया और द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी में जगह मिली है। विम्बर्लीगंज पंचायत में प्रधानमंत्री जन आरोग्य कार्ड निर्माण पर शिविर आयोजित करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने भीतर के पृष्ठ में छापा है।

<><><><><><><>